Baba’s Praise

04/7/2015

- जबकि बाप को बुलाते हैं कि हे पतित-पावन आओ। अब बाप आया है पावन बनाने तो पावन बनना चाहिए ना। ईश्वर का बनकर फिर पतित नहीं बनना चाहिए।
- बाप आये ही हैं नई दुनिया की स्थापना करने। पुरानी दुनिया का विनाश करने।
- अभी हैं तमोप्रधान। बाप ही आकर तुम बच्चों को अज्ञान नींद से जगाते हैं। तुम फिर औरों को जगाते हो। जगते रहते हैं।
- तुम त्रिकालदर्शी बनते हो, और कोई त्रिकालदर्शी बना नहीं सकते सिवाए बाप के। सृष्टि के आदि-मध्य-अन्त का ज्ञान बाप को ही है, उनको ही ज्ञान का सागर कहा जाता है। ऊंच ते ऊंच भगवान ही गाया है, वही रचता है। हेविनली गॉड फादर अक्षर बड़ा क्लीयर है-हेविन स्थापन करने वाला।
- श्रीमत से ही श्रेष्ठ बनते हैं। श्रीमत संगम पर ही मिलती है।